PUBLICATION NAME :	Raj Express
EDITION :	Bhopal
DATE :	02/03/24
PAGE :	10

मोदी जैकेट बनाने वाली महिला कारीगरों को खास प्रशिक्षण, ब्रांड बनाना भी सिखा रहे

ईडीआईआई ने निफ्ट से किया करार

● भोपाल / राज न्यूज नेटवर्क

बड़े पैमाने पर मोदी जैकेट बनाने के लिए प्रसिद्ध प्रदेश के शिवपुरी में स्थित बदरवास क्लस्टर की महिलाओं को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) विशेष कौशल प्रशिक्षण दिला रहा है। इसके लिए संस्थान ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गांधी नगर के साथ साझेदारी की है। क्लस्टर की महिला कारीगरों के लिए हाल में गुणवत्ता परख, बिक्री कौशल और विजुअल मर्चेंडाइजिंग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कपड़ा निर्माण की पेचीदगियां, बिक्री-मार्केटिंग की रणनीतियां और ब्रांड निर्माण के पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने बताया कि मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट किया जा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल कौशल प्रशिक्षण से भी आगे का नजरिया लेकर चल रही है। यह महिलाओं के स्वामित्व और प्रबंधन वाली एक प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाती है। ऐसे में महिलाएं केवल नौकरीपेशा नहीं रह जाती बल्कि शेयर धारक कहलाती हैं।